अमर उजाला

देहरादून
शनिवार, 19 जून 2021
ज्येष्ठ शुक्ल-नवमी
विक्रम संवत-2078

किसानों को दी उर्वरकों के संतुलित प्रयोग की जानकारी

चिन्यालीसौड़। कृषि विज्ञान केंद्र चिन्यालीसौड़ में उर्वरकों का संतुलित प्रयोग विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें किसानों को मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरकों के संतुलित प्रयोग की जानकारी दी गई।

केंद्र के प्रधान वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. चित्रांगद सिंह राघव ने मृदा में मुख्य एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों के संतुलन को बनाए रखने से ही खेतों की उत्पादकता बढ़ सकती है। केंद्र के उद्यान विशेषज्ञ डॉ. पंकज नौटियाल ने किसानों को ड्रिप फर्टिगेशन के उपयोग एवं पौधों के लिए जल की उपलब्धता के तरीकों के बारे में बताया। केंद्र के कृषि प्रसार विशेषज्ञ डॉ. गौरव पपनै ने जैविक उर्वरक एवं इनके महत्व, वर्मी कंपोस्ट, वर्मी बेड की जानकारी दी। केंद्र के वरुण सुप्याल ने किसानों को मृदा नमूने लेने के तरीके, मृदा परीक्षण करवाने और मृदा का पौधों के लिए महत्व विषय पर जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य उद्यान अधिकारी डॉ. रजनीश सिंह, डीडीएम नाबार्ड गुरविंदर सिंह आहूजा, अध्यक्ष रेडक्रॉस सोसाइटी अजय पुरी, जगमोहन राणा, सचिन पंवार आदि शामिल थे। संवाद